डॉ0 शलभ मणि त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद देवरिया के विकास खण्ड बैतालपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा बसडिला से ग्राम सभा बोडीया अनंत होते हुए ग्राम सभा औराचौरी रेलवे ढाला तक लगभग 4 किमी0 सड़क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र सिंह तोमर व अन्य निवासीगण जनपद देवरिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनय कुमार द्विवेदी, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोण्डा के विकास खण्ड मुजेहना के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रन्ट में अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजेन्द्र वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री गौरी शंकर वर्मा (कोरी), सदस्य, विधान सभा की जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र उरई के अन्तर्गत एस0आर0 स्कूल नया पटेल नगर कालपी रोड पर हरिओम द्विवेदी के मकान से अनुज श्रीवास्तव के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री उमेश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अभय सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मलिहाबाद में ग्राम गोहरामऊ से करझन होते हुए अजमत नगर तक के मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गोलू यादव व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री नफीस अहमद, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र कैंट में केशरीखेड़ा वार्ड महराजापुरम् कालोनी में जल निकासी का प्रबन्ध कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री निर्मल वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद सीतापुर के विधान सभा क्षेत्र बिसवां में विकास खण्ड बिसवां के अन्तर्गत नहरपुर बिसवां मार्ग मधवापुर चौराहे से चन्दनमहमूदपुर पुल होते हुए शारदा पटरी पर बहराइच मार्ग तक बाईपास मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अमित वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री भगवान सिंह कुशवाहा, सदस्य, विधान सभा की जनपद आगरा की तहसील खैरागढ़ के ब्लाक जगनेर की ग्राम पंचायत गुगाबंद के मजरा झींटपुरा में नाला निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कृष्णा कुशवाहा व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री कविन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड गौर में जलेबीगंज रेवटा मार्ग से सुवरबरवा गांव तक के मार्ग जिसकी कुल लम्बाई 01 कि0मी0 है का 0 से लेपन कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका व्यपगत हुई।

श्री मुकेश चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र नकुड़-02 के विकास खण्ड नकुड़ के ग्राम नल्हेडा में उच्च प्राथमिक विद्यालय के 02 कक्षों की टूटी हुई छत का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संदीप चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री श्याम सुन्दर, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां के अन्तर्गत सेहगो खानपुर, ठाकुरपुर मजरे कैड़ावा, मोतीगंज में बारातघर का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आदर्श भारती व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पंकज पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के अन्तर्गत नत्थुपुर व भलोई (हरनहिया) सम्पर्क मार्ग पर पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओम प्रकाश पटेल व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राज प्रसाद उपाध्याय, सदस्य, विधान सभा की जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र सदर विकास खण्ड मोतिगरपुर के ग्राम भैरवपुर बढौनाडीह पक्की सड़क से गोडसरा पण्डित बस्ती से प्रजापति बस्ती होते कतिपय सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मुकेश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सरिता भदौरिया, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा विधान सभा क्षेत्र इटावा के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र में इटावा शहर में स्वास्थ्य विभाग के खाली पड़े भवन में 50 बेड क्षमता का मेडिकल केयर यूनिट प्रारम्भ करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र जैन व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अतुल प्रधान, सदस्य, विधान सभा की जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र सरधना में सरदार पटेल वि0वि0 से दौराला मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गुलजार चौहान व अन्य निवासीगण जनपद मेरठ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बीरेन्द्र सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा की जनपद हाथरस के अन्तर्गत गम्भीर पट्टी बिसाना में एनएच 509 दोनों पोखरों को जोड़े जाने के सम्बन्ध में श्री ओजवीर व अन्य निवासीगण जनपद हाथरस की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री तसलीम अहमद, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बिजनौर के कस्बा सहारनपुर में सहारनपुर नानू सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शेख अंजार अहमद व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राम फेरन पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड इकौना के ग्राम बीरपुर चौराहा पर विद्युत उपकेन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शिव कुमार राजभर व अन्य निवासीगण जनपद श्रावस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जयप्रकाश निषाद, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद देवरिया के अन्तर्गत तहसील मुख्यालय रूद्रपुर एवं नगर पंचायत रूद्रपुर में अथवा आसपास के ग्रामों में के भूमि में एक मिनी मण्डी का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जीतेन्द्र गुप्ता व अन्य निवासीगण जनपद देवरिया की याचिका व्यपगत हुई।

श्री हरिप्रकाश वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहाँपुर के विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद की तहसील कलान में रोड़वेज (बस अड्डा) की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संदीप सिहं गुर्जर व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनोद शंकर अवस्थी, सदस्य, विधान सभा की जिला लखीमपुर के अन्तर्गत ब्लाक रमिया बेहड़ के ग्राम कान्दुनपुरवा मजरा नौवापुर सानी के पास में स्थित नाले पर पुल/रपटा का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लालता प्रसाद व अन्य निवासीगण जनपद लखीमपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सरोज सोनकर, सदस्य, विधान सभा की जनपद बहराइच की तहसील मिरींपुरवा के विकास खण्ड-बलहा में बख्तावरगौड़ी मे रोड का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री सोहन व अन्य निवासीगण जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद लखनऊ के पूर्वी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत इंदिरा नगर सी-ब्लाक स्थित कलेवा चौराहा से मुंशी पुलिया चौराहा तथा मुंशी पुलिया से खुर्रम नगर चौराहा तक ऊपरगामी सेतु निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त जलापूर्ति एवं सीवर लाइन को ठीक कराते हुये क्षतिग्रस्त होने के प्रकरण की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री पल्लव शर्मा निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री आशु मलिक, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र-04, सहारनपुर देहात ग्राम गागलहेडी भगवानपुर रोड गेस्ट हाउस से आगे मक्काबास के पुल तक दोनों तरफ नाला निर्माण व सड़क चौड़ीकरण के सम्बन्ध में श्री हैदर मुखिया व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली के विकास खण्ड-ऊँचाहार के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खोजनपुर में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में विभिन्न ट्रेडो पर संख्या बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में श्री रज्जन दुबे निवासी जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री संजय शर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के ग्राम सभा नवीननगर, बगरखा, रौंडा के निकट स्थित वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में श्री चेतन शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री कैलाश नाथ शुक्ल, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलरामपुर के वि0खं0-हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत ललिया में गौशाला निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गिरजा दयाल व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मनोज कुमार पारस, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना के ग्राम गुनियापुर से दूधली होते हुए मेमन-भनेड़ा मार्ग के बीच छोईया नदी पर पुल निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री डा0 शाहिद जौनी व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 जी0एस0 धर्मेश, सदस्य, विधान सभा की जनपद आगरा के छावनी विधान सभा के अन्तर्गत पाठक प्रेस से लेकर कालीजी के मन्दिर तक बने नाला के ऊपर पक्का स्लैब डालकर रास्ता बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री जगमोहन व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सरोज कुरील, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर के विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड भीतरगांव की ग्राम पंचायत रार में जीर्ण-शीर्ण पड़े पंचायत भवन को डिमोलिश कराते हुये अन्यत्र स्थान पर पंचायत भवन बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष कुमार व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रदीप कुमार यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद औरैया के विधान सभा क्षेत्र दिबियापुर के अन्तर्गत ब्लाक-अछल्दा-दिबियापुर-औरैया में अहनइया नदी पर महतिया और डांडी के बीच पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लालजी यादव व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री चन्द्र प्रकाश लोधी (एडवोकेट), सदस्य, विधान सभा की जनपद फतेहपुर के अन्तर्गत नगर पालिका फतेहपुर के ज्वालागंज से राधानगर तक सम्पर्क मार्ग पर डिवाइडर का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील कुमार व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बाबूलाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद आगरा के फतेहपुर सीकरी के ब्लाक अकोला के ग्राम बरौदा सदर से कराहरा डावली मार्ग तक कच्चे मार्ग का नव निर्माण कराये

जाने के सम्बन्ध में श्री श्रीओम सोलंकी व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जय कुमार सिंह जैकी, सदस्य, विधान सभा की जनपद फतेहपुर के विकास खण्ड बिन्दकी, के विकास खण्ड-तेलियानी के अन्तर्गत ग्राम चितौरा में प्रभुदत्त दीक्षित के दरवाजे से शिवराज के दरवाजे तक लगभग 120 मीटर लम्बाई तक मार्ग व सी0सी0 व नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रभुदत्त दीक्षित व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री रमा शंकर सिंह पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद मिर्जापुर के विकास खण्ड राजगढ़ के ग्राम गोल्हनपुर में खेलो इण्डिया खेलो के तहत खेल मैदान (स्टेडियम) बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री हंस पटेल व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेन्द्र कुमार सदस्य, विधान सभा की जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद गोहना के ब्लाक रानीपुर की ग्राम पंचायत कमालसेनपुर (कौलारा) में अम्बेडकर पार्क के बगल से अनुसूचित बस्ती रवि दिपांकर के घर तक दूरी लगभग 350 मी0 सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रवि दिपांकर व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 मंजू शिवाच, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर में स्टेडियम/मिनी स्टेडियम स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में श्री मयंक राठी व अन्य निवासीगण जनपद गाजियाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जियाउद्दीन रिजवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र सिकन्दरपुर में सिकन्दरपुर चौराहे से थाना सिकन्दरपुर भाटी कोथ उसरी सिकिया होते हुये मुख्य सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामू यादव व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती इन्द्राणी देवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद श्रावस्ती के विधान सभा क्षेत्र भिनगा के अन्तर्गत ग्राम हरिहरपुर रानी एवं ग्राम पंचायत केवलपुर दिनापुरवा पक्की सड़क से भावलपुर होते हुये नवबस्ता जौगढ़ सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शिवपाल वर्मा निवासी जनपद श्रावस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बेदी, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजीपुर के गजपतपुर में अम्बेडकर मूर्ति से अति प्राचीन शिव मंदिर भैरोपुर होते हुए शहीद रोड भैरोपुर तक सड़क का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में डा0 रमाशंकर राजभर व अन्य निवासीगण जनपद गाजीपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री स्वामी ओउ्मवेश, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-जलीलपुर के अन्तर्गत ग्राम स्याऊ प्राथमिक विद्यालय से

जलीलपुर मार्ग को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रुपराज चौहान व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेश चौधरी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद मथुरा तहसील माण्ट के अन्तर्गत ग्राम सकतपुर से ग्राम शालुर (अलीगढ़ तक) लगभग 01 किमी0 लम्बाई के मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भोला प्रधान व अन्य निवासीगण मथुरा की याचिका व्यपगत हुई।

श्रीमती कृष्णा पासवान, सदस्य, विधान सभा की जनपद चित्रकूट के ग्राम चिल्लीमल व जनपद फतेहपुर के ग्राम गिरधरपुर व धाने के मध्य यमुना नदी में दीर्घ सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गोवर्धन निषाद व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सुहेब उर्फ मन्नू अंसारी, सदस्य, विधान सभा की जनपद मऊ के विकास खण्ड रतनपुरा के ग्राम बिलौझा (सुबसा) स्थित निष्प्रयोज्य हथकरघा विभाग की भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्मारक संग्रहालय की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री निसार अहमद व अन्य निवासीगण जनपद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 12 फरवरी, 2026 की बैठक में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :-

1-दिनांक 13 फरवरी, 2026 को नियम-103 के चर्चाधीन प्रस्तावों पर अग्रेतर चर्चा करा ली जाये।

2-दिनांक 16 फरवरी, 2026 को निम्नलिखित विधेयकों पर विचार एवं पारण करा लिया जाये।

(1) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026

(2) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026

शेष कार्यक्रम यथावत् रहेंगे।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, से सहमत है। प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त अपराह्न 03.00 बजे श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष एवं उसके पश्चात मा0 मुख्य मंत्री के निर्धारित वक्तव्य के दृष्टिगत श्री अध्यक्ष ने कार्य-स्थगन के प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करने हेतु 05-05 मिनट की समय सीमा निर्धारित की।

आज नियम-56 के अन्तर्गत कुल 13 सूचनायें प्राप्त हुई, जो कार्य-स्थगन प्रस्ताव के रूप में अग्राह्य हुई।

उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटना की बढ़ती घटनाओं एवं सड़क सुरक्षा विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुये श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि लगातार सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों की संख्या बढ़ती चल जा रही है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 45,000 से अधिक सड़क हादसों में 24,000 से अधिक मौतें हो रही हैं। इसमें पिछले साल के मुकाबले बढ़ोत्तरी हुई है। मथुरा में एक्सप्रेस-वे, रायबरेली में गंगा एक्सप्रेस-वे तथा जनपद कानपुर में हुई दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि इन्टेलीजेंस ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम पूरी तरह से निष्क्रिय है। उन्होंने दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अपने सुझाव दिये तथा विषय को लोक महत्व का बताते हुये सदन की शेष कार्यवाही रोक कर इस पर चर्चा कराने की मांग की। इस पर श्री मनोज कुमार पाण्डेय ने बल दिया।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुये कहा कि विषय वास्तव में गम्भीर है। शासन द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जा चुकी है, जिसमें पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, सड़क विभाग शामिल हैं प्रत्येक माह उसकी बैठक होती है। सड़क दुर्घटना वाले शीर्ष 20 जनपदों में मृतकों की संख्या को शून्य करने के उद्देश्य से जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम लागू किया गया है। परिवहन विभाग के प्रर्वतन दलों द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी अभियान के तहत बड़े पैमाने पर निरन्तर कार्यवाही की गयी है। सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करके इस समस्या को न्यूनतम करने का प्रयास किया जा रहा है।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

प्रदेश में बुनकरों की आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु फ्लैट रेट पर बिजली दिलाने विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राहयता पर विचार व्यक्त करते हुये श्री रफीक अंसारी ने कहा कि लोगों को रोजगार देने के मामले में किसान के बाद बुनकर समाज ही आता है। वर्ष 2019 सरकार ने बुनकरों के लिये फ्लैट रेट की व्यवस्था समाप्त कर दी, जिससे पावरलूम उद्योग बर्बादी के कगार पर है। उन्होंने बुनकर समाज के लिये छोटी मशीन का रु0 200 तथा बड़ी मशीन का रु0 400 फ्लैट रेट करने की मांग की तथा विषय को लोक महत्व का बताते हुये सदन की शेष कार्यवाही रोक कर इस पर चर्चा कराने की मांग की। श्री अखिलेश, श्री राममूर्ति वर्मा एवं नेता विरोधी दल ने इस बल दिया।

इस पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुये कहा कि ऊर्जा विभाग की बकायेदारी बढ़ने पर यह योजना हथकरघा विभाग को स्थानान्तरित की गयी। विभाग ने प्रदेश के बुनकर प्रतिनिधियों/जनप्रतिनिधियों से चर्चा करके दिनाँक 01-04-2023 से अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना लागू की गयी पूरे प्रदेश में 99,229

पावरलूम कनेक्शनों को लाभान्वित किया जा रहा है। दिनांक 31-03-2023 के पहले जितनी भी विद्युत की बकायेदारी हथकरघा के बुनकरों पर है, विद्युत विभाग को दे दी जाएगी। बुनकरों के कल्याण के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

प्रदेश में बदहाल कृषि व्यवस्था/गन्ना किसानों की स्थिति विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुए श्री वीरेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार की खराब नीतियों के चलते वर्तमान में बीज, खाद, कीटनाशक, खेती के संयन्त्र और डीजल खर्च से किसानों की जेब पर अतिरिक्त दबाव बढ़ता चला जा रहा है। कृषि लागत और मूल्य आयोग के ऑकड़ों से पता चलता है कि किसान इस महँगाई में कितना पीछे हो गया है और सरकार उसकी लागत का मूल्य भी नहीं दे रही है। उन्होंने किसान को समय से खाद व बीज मुहैया कराने की मांग की तथा विषय को लोक महत्व का बताते हुए सदन की शेष कार्यवाही रोक कर इस चर्चा कराने की मांग की। श्री संदीप सिंह एवं श्री धर्मराज यादव ने इस पर बल दिया।

इस पर कृषि एवं कृषि अनुसंधान मंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में किसान की आय रु0 1 लाख 20 हजार होने का अनुमान व्यक्त किया गया। प्रदेश में कृषि क्षेत्र जी0डी0पी0 28 प्रतिशत की रफ्तार से चल रही है। कृषि उत्पादन बढ़ा है, खास तौर पर खाद्यान्न उत्पादन, गन्ना उत्पादन साथ-साथ में दुग्ध उत्पादन और मछली उत्पादन बढ़ा है। गत वर्ष 16 लाख 45 हजार मीट्रिक टन फर्टिलाइजर प्रदेश के किसानों को उपलब्ध कराया गया। सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश का किसान खुशहाल है और समृद्धि की ओर अग्रसर है।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

कोरोना महामारी के दौरान आपदा प्रबंधन अधिनियम, महामारी अधिनियम एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 आदि के अन्तर्गत जनप्रतिनिधियों पर दर्ज अल्प गम्भीर के मुकदमों की वापसी विषयक श्री मौहम्मद फहीम इरफान की कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना पर श्री अध्यक्ष द्वारा शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया।

तदपुरान्त श्री अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि आज श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हेतु केवल दलीय नेताओं के लिए 10-10 मिनट का समय निर्धारित है तथा अभिभाषण पर जो सदस्य बोलना चाहते हैं वे अपना भाषण लिखकर दे दें यदि भाषण अंश संसदीय एवं वैषयिक होगा उसे कार्यवाही का अंग बना देंगे।

डॉ0 नीलकण्ठ तिवारी द्वारा दिनाँक 11-02-2026 को प्रस्तुत निम्नलिखित धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' के भाषण से आरम्भ हुईः-

''यह सदन श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष दिनाँक 09 फरवरी, 2026 को दिया है, कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।''

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' के भाषण के मध्य 02 बजकर 08 मिनट पर अधिष्ठाता श्री जय प्रताप सिंह पीठासीन हुए।

निम्नलिखित मंत्रीगण/सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

प्राविधिक शिक्षा मंत्री (श्री अशीष पटेल),

श्री राजपाल सिंह बालियान,

पंचायती राज मंत्री (श्री ओम प्रकाश राजभर),

मत्स्य मंत्री (श्री संजय निषाद)।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय के भाषण के मध्य अपराह्न 03 बजकर 04 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

निम्नलिखित सदस्यगण ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री रघुराज प्रताप सिंह,

श्री दुर्गा प्रसाद यादव, तथा

नेता विरोधी दल द्वारा अपने भाषण के मध्य कतिपय शब्द प्रयुक्त किये जाने पर मत्स्य मंत्री (डॉ0 संजय निषाद) द्वारा आपत्ति व्यक्त किये जाने पर श्री अध्यक्ष ने कहा कि उसे देखकर कार्यवाही से निकलवा देंगे।

मा0 मुख्य मंत्री के उत्तर भाषण के उपरान्त श्री राज्यपाल के अभिभाषण के सम्बन्ध में श्री शिवपाल सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत नेता विरोधी दल का संशोधन का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ व अन्य संशोधन के प्रस्ताव अस्वीकृत हुए माने गये तथा डॉ0 नीलकण्ठ तिवारी द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव मूलरूप में पारित हुआ।

तदपुरान्त श्री अध्यक्ष ने कहा कि मा0 सदस्यों के अनुरोध पर उनके द्वारा प्रस्तुत संकल्प को वे आगे चर्चा के लिए स्थगित कर देंगे एवं जो सदस्य अनुपस्थित होंगे उनके संकल्प व्यपगत हो जायेंगे।

विगत सत्र के प्रस्तुतिकरण हेतु लम्बित निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुत किया जाना एवं उन पर चर्चा आगे के लिये जारी हुईः-

| क्रम-संख्या | मा0 सदस्य का नाम | संकल्प |
|---|---|---|
| 1 | डॉ0 रागिनी | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि महिलाओं को विभिन्न कलाओं में निपुण कराने के लिए कौशल विकास संस्थान की स्थापना करायी जाये।'' |

निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुत किया जाना एवं उन पर चर्चा आगे के लिए जारी हुई :-

| क्रम-संख्या | मा0 सदस्य का नाम | संकल्प |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज कुमार पारस | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि मेरी विधान सभा क्षेत्र-18, नगीना, जनपद बिजनौर के कस्बा किरतपुर में रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण कराया जाय।'' |
| 2 | श्री अभय सिंह | ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि जनपद अयोध्या में स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाय।'' |
| 3 | श्री मनोज कुमार पाण्डेय | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधान सभा क्षेत्र ऊँचाहार में पॉलीटेक्निक/इंजीनियरिंग कॉलेज खोला जाना सुनिश्चित किया जाय।'' |
| 4 | श्री ओ0 पी0 श्रीवास्तव | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि लखनऊ राजधानी क्षेत्र के एच0ए0एल0 के सामने से पॉलीटेक्निक चौराहा पार कर वेब सिनेमा तक अण्डर पास का निर्माण कराया जाए।'' |
| 5 | श्री कमाल अख्तर | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत एक मेडिकल कालेज की स्थापना करायी जाए।'' |
| 6 | डॉ0 संग्राम यादव | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव बहाल किए जाएँ।'' |
| 7 | श्री मौहम्मद फहीम इरफान | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधान सभा क्षेत्र-30, बिलारी में राजकीय गर्ल्स डिग्री कॉलेज की स्थापना करायी जाय।'' |
| 8 | श्री पंकज कुमार मलिक | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद मुजफ्फरनगर में पी0जी0आई0 के तर्ज पर बड़े अस्पताल का निर्माण कराया जाय।'' |
| 9 | श्री स्वामी ओउ्मवेश | ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र-23, शहर चांदपुर में बिजनौर बदायूँ स्टेट हाई-वे पर स्थित दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाये।'' |

नियम-103 के अन्तर्गत चर्चाधीन निम्नलिखित प्रस्तावों पर अग्रेतर चर्चा आगे के लिए जारी हुई :-

| क्रम-सं0 | मा0 सदस्य का नाम | प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1 | इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि विधान सभा क्षेत्र-96, जसराना में छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुये 01 एजुकेशन टाउनशिप बनाये जाने की व्यवस्था की जाये।'' |
| 2 | श्री अनिल कुमार त्रिपाठी | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद सन्तकबीरनगर की नगर पंचायत मेंहदावल को जनहित में नगर पालिका परिषद् का दर्जा प्राप्त कराया जाये।'' |
| 3 | डॉ0 रागिनी | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत आउटसोर्सिंग से नियुक्त कर्मचारियों को विभागीय संविदा कर्मी के रूप में विनियमितीकरण करते हुए उन्हें भी विभागीय कर्मियों की भांति समस्त सुविधाएं प्रदान की जायें।'' |
| 4 | श्री मनोज कुमार पाण्डेय | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद रायबरेली की विधान सभा क्षेत्र-ऊँचाहार के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की जर्जर सड़कों का मरम्मतीकरण/चौड़ीकरण तथा कच्चे मार्गों का नव निर्माण कराया जाये।'' |
| 5 | श्री जवाहर लाल राजपूत | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद झांसी के गुरसराय कस्बे में एक राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की जाय।'' |
| 6 | इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि विधान सभा क्षेत्र-96, जसराना में अग्निशमन केन्द्र का निर्माण कराया जाय।'' |
| 7 | डॉ0 पल्लवी पटेल | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद कौशाम्बी के विधान सभा क्षेत्र-251, सिराथू के नगर पालिका परिषद् मंझनपुर के असकरनपुर मंगरोहनी एवं नगर पंचायत सिराथू, अझुआ, कड़ा में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करायी जाये।'' |
| 8 | श्री महेन्द्र नाथ यादव | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र सदर बस्ती के अन्तर्गत मालवीय रोड पर ब्राह्मण महासभा से होते हुये सेंट बेसिल्स स्कूल तक सड़क का निर्माण कराया जाय।'' |

| क्रम-सं0 | मा0 सदस्य का नाम | प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 9 | श्री जय प्रकाश अंचल | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के अन्तर्गत कोल नाला से दल छपरा होकर श्रीनगर टी0एस0 बन्धा तक मार्ग का निर्माण/सुदृढ़ीकरण कराया जाय।'' |
| 10 | डॉ0 रागिनी | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर में एक विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना करायी जाय।'' |
| 11 | इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि विधान सभा क्षेत्र-96, जसराना के तहसील जसराना में काले हिरनों के संरक्षण हेतु संरक्षण केन्द्र की स्थापना करायी जाये।'' |
| 12 | डॉ0 रागिनी | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ के चुनाव यथाशीघ्र कराए जायं।'' |

आज दिनांक 13 फरवरी, 2026 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 100 सूचनाएं प्राप्त हुईं। निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुई :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डॉ0 राजेश्वर सिंह | विधान सभा क्षेत्र सरोजनी नगर, लखनऊ के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र जल भराव की समस्या के समाधान हेतु 08 नालों का निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 2 | श्री मनोज कुमार पाण्डेय | जनपद रायबरेली के मोहल्ला देवानंदपुर निकट एफ0जी0आई0टी0 शहर रायबरेली में मो0 यासीन खां द्वारा किये गये अवैध कब्जे के सम्बन्ध में। |
| 3 | इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | वित्त विहीन शिक्षकों की समस्या के निराकरण विषयक। |
| 4 | श्री विनोद चतुर्वेदी | विधान सभा क्षेत्र कालपी अन्तर्गत विकास खण्ड कदौरा में बरही बम्बा से बसरेही तक सड़क को सी0सी0 रोड बनाने के विषयक । |
| 5 | श्री अभय सिंह | जनपद अम्बेडकर नगर की नगर पालिका परिषद्, टाण्डा की अध्यक्ष के द्वारा पालिका के कार्यों में की जा रही अनियमितता की जाँच के सम्बन्ध में। |
| 6 | श्री मनीष असीजा | नगर निगम फिरोजाबाद के संविदा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के विषय में। |
| 7 | श्री रामखिलाड़ी सिंह | नगर निगम अलीगढ़ में स्वच्छता/कूड़ा निस्तारण के कार्य में की जा रही नियम विरुद्ध कटौती की जाँच के सम्बन्ध में। |

| क्रम-सं0 | मा0 सदस्य का नाम | विषय |
|---|---|---|
| 8 | श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज, प्रतापगढ़ में 50 बेड मैटरनिटी एण्ड चाइल्ड केयर विंग में स्टाफ की नियुक्ति के सम्बन्ध में। |
| 9 | श्री कमाल अख्तर | कांठ विधान सभा के नगर पंचायत पाकबड़ा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के विषय में। |
| 10 | डॉ0 रागिनी | विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के ग्राम सभा आलमगंज चौराहे से गोपीपुर पुल तक मार्ग का निर्माण विषयक। |

निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं केवल वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुई :-

| क्रम-सं0 | मा0 सदस्य का नाम | विषय |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नसीम सोलंकी | सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य ड्रेनेज लाइन (डॉटलाइन नाला) का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत, पुनर्निर्माण, सुरक्षा प्रबन्ध एवं नियमित सफाई की प्रभावी व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 2 | डॉ0 सुरभी | जनपद फर्रुखाबाद के कायमगंज क्षेत्र के अन्तर्गत किसानों द्वारा निजी कृषि भूमि पर लगाये गये सागौन के पेड़ों की कटाई हेतु अनावश्यक प्रशासनिक अनुमति की बाध्यता समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 3 | श्री मुकेश चौधरी | विधान सभा नकुड़ के विकास खण्ड नकुड़ अन्तर्गत ग्राम साल्हापुर में दलित बस्ती में स्थित तलाब की दीवार का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 4 | श्री विनोद सरोज | लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़ द्वारा बनाई गई कतिपय ग्रामीण सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण के सम्बन्ध में। |
| 5 | श्री वीर विक्रम सिंह | जनपद शाहजहाँपुर में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि का कृषकवार सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 6 | श्री जय कुमार सिंह जैकी | जनपद फतेहपुर के बिन्दकी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बिन्दकी नगर से रामादेवी, कानपुर तक पूर्व में संचालित इलेक्ट्रिक बस सेवा को जनहित में पुनः संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 7 | श्री ओ0 पी0 श्रीवास्तव | जनपद लखनऊ के निशातगंज क्षेत्र स्थित पेपर मिल कॉलोनी को सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए नगर निगम लखनऊ को हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में। |

निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत हुई :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री लक्ष्मी राज सिंह | विधान सभा क्षेत्र सिकन्दराबाद जनपद बुलन्दशहर में एन0एच0-34 में जोखाबाद औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक अण्डर पास बनाये जाने विषयक। |
| 2 | श्री अखिलेश | जनपद आजमगढ़ के अन्तर्गत वि0खं0 सठियांव ग्राम सभा सोनावर सी0सी0 रोड से राजभर बस्ती होते हुए देवी मन्दिर तक सी0सी0 रोड की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 3 | श्री राम अवतार सिंह | उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में लेबिल फैसिलेटो के वेतन भुगतान के सम्बन्ध में। |
| 4 | श्री अमरेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड लखनऊ व अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड-2, लखनऊ के द्वारा विगत 05 वर्षों में कराये गये कार्यों की सूचना दिलाये जाने के सम्बन्ध में। |

शेष सूचनाएँ अस्वीकृत हुईं।

परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय, मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, एजुकेशनल पब्लिक स्कूल/डी0एल0एड0 कॉलेज की जाँच पूर्ण कराकर कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री अभय सिंह द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2025 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य मा0 सदस्य के अनुरोध पर मंगलवार के लिए श्री अध्यक्ष द्वारा अनुमति प्रदान की गयी।

तदुपरान्त सदन का उपवेशन सायं 06 बजकर 27 मिनट पर सोमवार, दिनांक 16 फरवरी, 2026 के दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।

**प्रदीप कुमार दुबे,**
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

---

स्वीकृत,
**सतीश महाना,**
अध्यक्ष,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 234 विधान सभा (391)-17-02-2026-50 प्रतियां (कम्प्यूटर)।